भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1107

उत्तर देने की तारीखः 10.02.2021

अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति योजना

1107. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति के अंतर्गत कितने बहुजन छात्रों को निधि प्रदान की गई है;
(ख) गत पांच वर्षों के दौरान शिक्षावृत्ति योजना का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने कोविड-19 के पश्चात् छात्रों को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए शिक्षावृत्ति के अंतर्गत वजीफा बढ़ाने की योजना बनाई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रतन लाल कटारिया)

(क): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, एम.फिल और पीएचडी करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को फैलोशिप प्रदान करने के लिए अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप स्कीम (एनएफएससी) की केंद्रीय क्षेत्र की एक स्कीम कार्यान्वित करता है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान (अर्थात 2020-21, 31.12.2020 की स्थिति के अनुसार), 3442 छात्रों को फैलोशिप प्रदान की गई है।

(ख): एनएफएससी स्कीम केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम है। इस स्कीम के अंतर्गत निधियों का राज्य-वार आवंटन नहीं किया जाता है। तथापि, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लाभार्थियों की वर्ष-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ग) और (घ): इस मंत्रालय का कोविड-19 के बाद वजीफे में वृद्धि करने का कोई विचार नहीं है। तथापि, इस स्कीम का कार्यान्वयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा किया जाता है, और वजीफे के लागत संबंधी मानकों में संशोधन इसके द्वारा कार्यान्वित की जा रही इसी तरह की स्कीमों के मानदण्डों को संशोधित करते समय यूजीसी द्वारा किया जाता है।

******

अनुबंध

अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप (एनएफएससी)					
फैलोशिप का लाभ ले रहे छात्रों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या					
	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	67	91	78
आंध्र प्रदेश	388	652	600	602	445
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0
असम	54	80	82	77	23
बिहार	272	265	262	260	151
चंडीगढ़	6	8	11	11	10
छत्तीसगढ़	54	75	75	70	26
दिल्ली	55	90	100	101	81
गोवा	2	2	3	2	1
गुजरात	95	138	124	127	75
हरियाणा	112	213	218	200	131
हिमाचल प्रदेश	50	77	78	71	58
जम्मू और कश्मीर	29	51	48	50	37
झारखंड	51	57	48	54	32
कर्नाटक	306	569	596	575	421
केरल	103	162	166	174	111
मध्य प्रदेश	182	309	304	314	204
महाराष्ट्र	312	580	551	503	377
मणिपुर	10	24	24	23	19
मेघालय	1	1	1	2	2
मिजोरम	0	2	2	2	2
नागालैंड	0	1	1	1	1
ओडिशा	160	233	232	244	151
पुडुचेरी	6	10	9	6	5
पंजाब	214	323	332	311	238
राजस्थान	289	387	406	387	225
सिक्किम	1	4	4	4	2
तमिलनाडु	443	333	85	152	106
तेलंगा5ना	43	244	275	290	262
त्रिपुरा	17	19	23	21	16
उत्तर प्रदेश	958	1936	1840	1794	1136
उत्तराखंड	47	58	65	75	39
पश्चिम बंगाल	480	696	716	709	475
कुल योग	**4740**	**7599**	**7348**	**7303**	**4940**

*****